




# गौहर रज़ा को प्रदान किया गया 'जनकवि मुकुट बिहारी सरोज स्मृति सम्मान'

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** ग्वालियर, 26 जुलाई। जनकवि मुकुट बिहारी सरोज की शताब्दी जयंती के अवसर पर जनकवि मुकुट बिहारी सरोज स्मृति न्यास द्वारा आयोजित समारोह साहित्य, संस्कृति और जनचेतना का जीवंत उत्सव बन गया। प्रख्यात कवि यश मालवीय की अध्यक्षता में प्रतिष्ठित 'सरोज स्मृति सम्मान'-2026, जन सरोकारों के प्रख्यात साहित्यकार, कवि एवं रचनाकार गौहर रज़ा, दिल्ली को उनकी साहित्यिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए गौहर रज़ा ने कहा कि मुकुट बिहारी सरोज की रचनाएं आज भी समाज को सच बोलने, अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और मानवीय मूल्यों की रक्षा करने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने इस सम्मान को अपने लिए गर्व और बड़ी जिम्मेदारी बताया। इस अवसर पर कीडिज कॉर्नर स्कूल के संस्थापक एवं समाजसेवी विजय गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन जनकवि मुकुट बिहारी सरोज स्मृति न्यास की ओर से शैफाली शर्मा छिंदवाड़ा ने किया। उन्होंने बताया कि जनकवि मुकुट बिहारी सरोज का शताब्दी वर्ष केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को उनके विचारों, संघर्ष और जनपक्षधर साहित्य से जोड़ने का अभियान भी है।

सम्मान समारोह के पश्चात आयोजित कवि सम्मेलन ने पूरे सभागार को काव्यमय बना दिया। इलाहाबाद से आए यश मालवीय ने अपनी संवेदनशील और समकालीन रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। गुजरात की मालनी गौतम ने सामाजिक सरोकारों पर तानाशाह को भी डर लगता है। कार्यक्रम में शहर के अनेक साहित्यकार, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, कवियों और साहित्य प्रेमियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनकवि मुकुट बिहारी सरोज की वैचारिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे साहित्यिक आयोजनों का क्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

### मानवीय संवेदनाओं पर आधारित कविताओं से खूब सराहना बटोरी

फिरोजाबाद के मंजुल मयंक ने ओज और व्यंग्य से भरपूर रचना 'पढ़ लेना कविता, लिखना मत, लिखो तो पढ़ो मत और पढ़ो,तो डरो मत का काव्यपाठ प्रस्तुत किया, जबकि भिंड के महेंद्र मिहोनवी ने इतनी सफाई से वह झूठ बोलता है खुद झूठ भी उसको सेल्यूट बोलता है और छिंदवाड़ा की शैफाली शर्मा ने तुम पीला रंग चुनना अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से देर शाम तक श्रोताओं को बांधे रखा। वरिष्ठ कवि गौहर रज़ा के काव्यपाठ पर भी सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



# मंदिर नहीं जा सको तो घर को ही बना लो मंदिर : शास्त्री

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** जब भी आपके नगर गांव के मंदिर में कोई उत्सव आयोजित हो तो जरूर सम्मिलित होना चाहिए। यदि

**कोयला वाले हनुमान मंदिर पर कथा का पांचवा दिन**

मंदिर जाना संभव नहीं हो घर को ही मंदिर बनाकर उत्सव मनाना चाहिए। यह विचार पंडित शरद कुमार शास्त्री ने मोतीझील स्थित कोयला वाले हनुमान मंदिर पर आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को व्यक्त किए। इस अवसर पर भगवान गोवर्धन की पूजा की गई।

सूर्य चंद्र की महिमा का बखान करते हुए उन्होंने कहा कि जिस पर भगवान सूर्य की कृपा होती है उनका आत्मबल मजबूत होता है। सूर्य की किरणों से हड्डियां मजबूत होती है इसलिए हमें नित्य प्रति सूर्य देव को जल देना चाहिए। चंद्रमा के बारे में उन्होंने कहा कि यह मां का कारक है । चंद्रमा खराब होने से मानसिक विकृति पैदा होती है इसलिए हमें चंद्र देव की भी उपासना करनी चाहिए। पूतना वध की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जो महिला दूसरों के बच्चों से ईर्ष्या रखती है वह पूतना के समान है । उन्होंने बताया कि पूतना का जब अंतिम संस्कार किया गया तो उसके शरीर से दुर्गंध की जगह सुगंध आ रही थी । जिस वस्तु या जीव का स्पर्श भगवान के चरणों से हो जाता है वह महकने लगता है । हमें भी प्रभु नाम का सुमिरन कर उनके चरणों की कृपा प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए और जब हम प्रयास करेंगे तो निश्चित रूप से भगवान की कृपा हमें मिलेगी । इस मौके पर कथा आयोजक एवं मंदिर के पुजारी संतोष भैया, कथा संयोजक प्रेम बरौनिया, यजमान निर्मला मेघसिंह राजावात, शत्रुघन सिंह, लालूसिंह, राजाबेटी, टीकाराम सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भागवत महापुराण की आरती की।



# दाल बाजार और नया बाजार में व्यापारियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान 'नशा से दूरी है जरूरी 2.0' के अंतर्गत आज दिनांक 26.07.2026 दिन रविवार को 13वीं वाहिनी विसबल ग्वालियर द्वारा व्यापारी वर्ग, एनजीओ और सोशल ग्रुप के सहयोग से शॉपिंग मॉल, मार्केट, हाट बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर नशा विरोधी जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के तहत दाल बाजार एवं नया बाजार ग्वालियर में उप सेनानी महोदया श्रीमती ऋतु केबरे, सहायक सेनानी श्रीमती शुभा श्रीवास्तव, सहायक सेनानी मुनेन्द्र सिंह भदौरिया एवं वाहिनी के एडज्यूटेंट महोदय राजेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा उपस्थित लगभग 130 व्यापारी वर्ग के व्यक्तियों को नशे के प्रति जागरूकता संबंधी व्याख्यान दिया गया एवं नशा न करने की शपथ दिलवाई गई।

कार्यक्रम में निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह भदौरिया, निरीक्षक जयकरन सिंह, उप निरीक्षक आनन्द शर्मा, उप निरीक्षक शिवम सिंह भदौरिया, सह उप निरीक्षक लोकेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, आरक्षक राहुल शिवहरे, आरक्षक, सुमित गुप्ता, आरक्षक, जोगेन्द्र सिंह एवं आरक्षक अजयदेव द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।



# चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की नवनिर्वाचित टीम का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** मध्य प्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की नवनिर्वाचित टीम के सम्मान समारोह का आयोजन होटल लैंडमार्क में चेम्बर समूह 27 मुद्रण एवं प्रकाशन व्यवसाय के निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा किया गया!

जिसमें चेम्बर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष सुरेश बंसल, उपाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, सहसचिव दीपक पमनानी एवं कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल 'बाबा' का मुद्रण एवं प्रकाशन व्यवसाईयों द्वारा फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया !

**इनका भी किया सम्मान :** इस अवसर पर वरिष्ठ व्यवसायी चंद्रमोहन नागोरी, सत्यप्रकाश मिश्रा, संजय भार्गव, जीवाजी क्लब के अध्यक्ष राजेंद्र सेठ उपाध्यक्ष अमित गुप्ता सचिव संजय वर्मा, दाल बाजार व्यवसाय संघ की दिलीप पंजवानी विवेक जैन लिल्ले, नवीन कार्यकारिणी सदस्य अंकित जैन एवं सागर अग्रवाल का भी सम्मान किया गया! स्वागत उद्बोधन समूह 27 के कार्यकारिणी सदस्य चंद्रप्रकाश मुद्रण एवं प्रकाशन व्यवसाय सम्बन्धी जानकारी कार्यकारिणी सदस्य मनोज जैन द्वारा दी गई! कार्यक्रम का संचालन ललित जैन भारती ने किया, एवं आभार व्यक्त कार्यकारिणी सदस्य अनिल गांधी द्वारा किया गया!

**इन्होंने किया नव निर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत :** नव निर्वाचित पदाधिकारी का स्वागत करने वालों में चंद्रप्रकाश शिवहरे, मनोज जैन, अनिल गांधी, अज्ञात गुप्ता, नीरज मंगल, रूपेश जैन, अंशुल गांधी, विकास शिवहरे, सिद्धांत जैन, राजेश बाबू जैन, कन्हैयालाल चाँदवानी, सुनील सिंघल, सत्येंद्र सिंघल, दीपक नीखरा, रामकिशन सिंघल, सुनील बंसल, ट्विंकल जी, प्रमोद अग्रवाल कृष्णकांत शर्मा प्रणय अग्रवाल, राहुल जैन, राजुल जैन, दुर्गेश जैन विवेक शर्मा, गजेंद्र जी सहित अन्य व्यापारियों शामिल थे!

# घनी बस्तियों में बने गोदाम दे रहे हादसे को न्योता

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** शहर की घनी आबादी के बीच बने गोदाम कभी भी बड़े हादसे का कारण बन

**आग लगने पर दमकल को भी जूझना पड़ता है**

सकते हैं। संकरी गलियों और सटे हुए मकानों के बीच बने इन गोदामों में अगर आग लगती है तो आसपास के कई मकान भी उसकी चपेट में आ जाते हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि संकरे रास्तों के कारण दमकल की गाड़ियां मौके तक आसानी से नहीं पहुंच पातीं।

बता दें कि पूर्व में नगर निगम आयुक्त द्वारा शहर के भीतर बने सभी गोदामों को बाहर शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आदेश आज तक कागजों में ही है।

बीते रोज शनिवार को बंशीपुरा क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक सामान के पांच गोदामों में लगी भीषण आग को बुझाने के लिए दमकल विभाग को 100 गाड़ी पानी और 600 लीटर फोम का इस्तेमाल करना पड़ा। इससे पहले लक्ष्मीगंज, गोला का मंदिर और खुर्जेबाला मोहल्ला जैसे घनी बस्ती वाले इलाकों में भी गोदामों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। गोदामों में हर तरह का सामान भरा होने से आग तेजी से विकराल रूप ले लेती है। शहर के अंदर जगह-जगह कबाड़ के गोदाम बने हुए हैं, जहां प्लास्टिक, गत्ता, कागज जैसी अत्यधिक ज्वलनशील सामग्री रखी जाती है।

### कलेक्टर ने कराई थी एफआईआर

खुर्जेबाला मोहल्ला मंडी में बंद पड़े एक गोदाम में आग लगने से आसपास रहने वाले लोगों की जान पर बन आई थी। लोगों को मकान खाली कराकर सुरक्षित निकाला गया था। इस मामले में कलेक्टर रुचिका चौहान ने गोदाम संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए थे।

# किरार भवन में अपाक्स का ग्वालियर-चंबल संभागीय सम्मेलन आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक) अधिकारी-कर्मचारी संगठन (अपाक्स) के संरक्षक माननीय इंजी. भुवनेश कुमार पटेल के निर्देशानुसार ग्वालियर एवं चंबल संभागीय सम्मेलन का आयोजन किरार भवन, में सम्पन्न हुआ।



सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं अपाक्स के प्रांताध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव ने कहा कि अपाक्स संगठन संविधान की भावना के अनुरूप अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक अधिकारी-कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय की स्थापना तथा कर्मचारी हितों के संरक्षण के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने संगठन की मजबूती, सदस्यता विस्तार तथा प्रत्येक विकासखंड, तहसील, जिला एवं संभाग स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदोन्नति, आरक्षण, सेवा सुरक्षा, कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा संगठनात्मक विस्तार को लेकर अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों में प्रदेश महामंत्री राकेश जायसवाल, संयुक्त मोर्चा के राजकुमार राजपूत, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश यादव, ओबीसी महासभा कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष होम सिंह नरवरिया, चंबल संभाग अध्यक्ष रासपति ओझा, ग्वालियर संभाग अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह यादव तथा जयेंद्र सिंह गुर्जर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में भिंड जिला अध्यक्ष सबल सिंह नरवरिया, मुरैना जिला अध्यक्ष पंजाब सिंह यादव, ग्वालियर जिला अध्यक्ष नागेंद्र राजपूत तथा शिवपुरी जिला अध्यक्ष सुनील वर्मा सहित दोनों संभागों के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी श्रीमती सकुंतला यादव श्रीमती नीलम यादव श्रीमती पूनम शाक्य एवं कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने तथा कर्मचारी हितों की आवाज़ को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। सम्मेलन के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने अपाक्स के संरक्षक माननीय इंजी. भुवनेश कुमार पटेल के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन तथा प्रांताध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव के संगठनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए संगठन को प्रदेश का सबसे मजबूत कर्मचारी संगठन बनाने का संकल्प दोहराया।

# बजरंग भक्त मंडल ने की 1000 किलो हरे चारे की गौसेवा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** सनातन धर्म में गौसेवा को सर्वोपरि मानते हुए बजरंग भक्त मंडल द्वारा अपनी साप्ताहिक सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में इस सप्ताह भी मंडल के सदस्यों ने एकजुट होकर लगभग 1000 किलोग्राम (1 टन) हरे चारे की भव्य गौभोग सेवा की। इस पुनीत कार्य के माध्यम से बेसहारा और बीमार गौवंश को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया।



बजरंग भक्त मंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडल द्वारा हर सप्ताह नियमित रूप से गौभोग सेवा का आयोजन किया जाता है। इस सप्ताह की विशाल सेवा को सफल बनाने में समाज के प्रबुद्ध जनों और दानदाताओं का विशेष आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। इसमें मुख्य रूप से गिरधारी लाल जी बंसल, नवीन शिवहरे, गुरुशरण सिंह, अनिल गुप्ता, अंकित तिवारी, राकेश बंसल, राजीव जादौन, दीपक शर्मा, संतोष शिवहरे, संजय श्रीवास्तव एवं कमलेश बाबू मंगल ने अपना अमूल्य वित्तीय योगदान दिया।

इस पुनीत गौसेवा कार्य को धरातल पर उतारने और व्यवस्थाएं संभालने के लिए बजरंग भक्त मंडल के अनेक कर्मठ सदस्य मौके पर मौजूद रहे। आज की सेवा में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष आशीष मंगल, राकेश मंगल, अमन गर्ग, दीपक सिंघल, हरीश अग्रवाल, रामकिशोर मंगल, हिमांशु बघेल, कमल सिंह गर्ग, संजय श्रीवास्तव एवं वीरेंद्र गर्ग सहित कई अन्य गौभक्तों ने उपस्थित रहकर श्रमदान किया.

# एनडीपीएस एक्ट की विवेचना पर पुलिस की कार्यशाला



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** नशा मुक्त भारत पहल के तहत चल रहे 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के क्रम में ग्वालियर पुलिस ने आज पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला पुलिस मुख्यालय, नारकोटिक्स शाखा भोपाल के निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित हुई।

कार्यशाला का उद्देश्य एनडीपीएस एक्ट के मामलों में वैज्ञानिक, तकनीकी और विधिसम्मत विवेचना को मजबूत करना रहा। इसमें जिले के विवेचना अधिकारियों को नए कानूनी प्रावधानों और कोर्ट में टिकाऊ अभियोजन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला ग्वालियर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. विनोद ढींगरा ने मादक पदार्थों के प्रकार, पहचान, सैंपल लेने और सीलिंग की प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन, वीडियोग्राफी और धारा 52-ए के तहत कार्रवाई पर प्रशिक्षण दिया।

विशेष न्यायालय (नारकोटिक्स) ग्वालियर के अपर जिला लोक अभियोजक धर्मेन्द्र शर्मा ने एनडीपीएस एक्ट 1985 के प्रावधानों, तलाशी-जप्ती की वैधानिक प्रक्रिया, केस डायरी लेखन और कोर्ट में सशक्त साक्ष्य प्रस्तुत करने को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण विवेचना और वैज्ञानिक साक्ष्य ही सफल अभियोजन का आधार है।

कार्यशाला में वाणिज्यिक मात्रा के मामलों की जांच और आदतन तस्करों पर पीआईटी-एनडीपीएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. जाटव ग्वालियर प्रवास पर

**ग्वालियर 26 जुलाई.** राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ग्वालियर प्रवास पर हैं। वे 27 व 28 जुलाई को ग्वालियर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। डॉ. जाटव इस दौरान बैठकें लेकर अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिये संचालित योजनाओं की समीक्षा करेंगे। साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे। जाटव 27 जुलाई को प्रात: 10 बजे से छात्रावास का भ्रमण करेंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभागार में जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। इस चर्चा में क्षेत्रीय सांसद, विधायकगण, महापौर, पार्षदगण, विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष आमंत्रित किए गए हैं। आयोग के अध्यक्ष 27 जुलाई को दोपहर 3 बजे से नगर निगम के बाल भवन सभागार में अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें सामाजिक एवं धार्मिक बुद्धिजीवी नागरिक शामिल रहेंगे।

# लायनेस क्लब मेन ने मनाया ऑल इंडिया रेनबो फाउंडर डे




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 26 जुलाई।** लायनेस क्लब ग्वालियर मेन प्रांत आरएम-1 स्वयं सिद्धा द्वारा ऑल इंडिया रेनबो फाउंडर डे समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आरसी लायनेस डॉ. मीरा जैन की आधिकारिक यात्रा भी संपन्न हुई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व एआईएलसी प्रेसिडेंट लायनेस डॉ. आशा माथुर रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, वहीं ध्वज वंदना का वाचन लायनेस सुनीता सिकरवार ने किया। क्लब अध्यक्ष लायनेस गीता शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत, वंदन, अभिनंदन किया गया।

समारोह में बालिकाओं द्वारा कृष्ण भक्ति गीतों पर प्रस्तुत कथक नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान क्लब की पूर्व अध्यक्षों का अध्यक्ष द्वारा माला और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। सभी पूर्व अध्यक्षों ने अपने प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए।

आरसी लायनेस डॉ. मीरा जैन ने सभी चेयर पर्सन से प्रोजेक्ट को समय पर पूर्ण करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रांतीय प्रोजेक्ट के तहत गर्भवती महिलाओं को सेहत की पोटली वितरित की जाएगी, जिसका लक्ष्य लगभग 100 पोटलियों का रखा गया है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लायनेस डॉ. आशा माथुर ने रेनबो फाउंडर डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूरे प्रांत में किस प्रकार यह दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान 'मोहे पनघट पर नंदलाल छेड़ गयो रे' गीत पर डॉ. माथुर द्वारा की गई शानदार नृत्य प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। मंच संचालन लायनेस सलमा कुरैशी ने किया, जिन्होंने अपनी शेरो-शायरी से समां बांध दिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष लायनेस प्रतिमा सिंह, लायनेस कांति व्यास, लायनेस निरुपमा भटनागर, लायनेस अरुण गंगा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। आभार प्रदर्शन लायनेस उषा सिकरवार ने किया। अंत में सभी सदस्यों ने गीतों पर नृत्य किया ।